राधे धीरे झूलो | By Namrata Karwa

राधे धीरे झूलो चुनरी सरक जावेगी
तेरी लट्टियाँ की पटियाँ बिखर जावेगी
तेरी मोतियन की लूमा झूमा टूट जावेगी
राधे धीरे झूलो चुनरी सरक जावेगी

झूला डला कदम्ब की डाल
झूला देवे कृष्ण मुरार
श्री कृष्ण की नज़र तोहे लग जाएगी
राधे धीरे झूलो चुनरी सरक जावेगी

सावन की ये ठंडी फुहार
बंसी गायें गीत मल्हार
श्री कृष्ण की बाँसुरिया तोहे मोह जायेगी
राधे धीरे झूलो चुनरी सरक जावेगी

तेरी मीठी सी मुस्कान
पूरे मधुवन की है शान
तेरी मोहिनी सुरतिया घायल कर जायेगी
राधे धीरे झूलो चुनरी सरक जावेगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%a7%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9d%e0%a5%82%e0%a4%b2%e0%a5%8b-by-namrata-karwa/